# COUNCIL OF SCIENTIFIC & INDUSTRIAL RESEARCH (CSIR)

Anusandhan Bhawan, 2, Rafi Marg, New Delhi -110001

## NOTICE INVITING TENDER

Council of Scientific & Industrial Research (CSIR) invites tenders to form panel to outsource translation work of Scientific/ Technical/ Legal/ Administrative documents from English to Hindi. The last date for receipt of tenders is 09.09.2010 upto 3:00 PM. The tenders received will be opened on the same day at 3:30 PM.

For more details visit our website **www.csir.res.in**

**Under Secretary (CO)**

Size 8x4

# वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद्

**अनुसंधान भवन, 2, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001**

## निविदा आमंत्रण सूचना

वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद् (सीएसआईआर) अपने वैज्ञानिक / तकनीकी / विधिक / प्रशासनिक प्रकृति के कार्यों के अंग्रेजी से हिन्दी अनुवाद को आउटसोर्स करने के लिए पैनल बनाने हेतु निविदाएं आमंत्रित करता है। निविदा प्राप्ति की अंतिम तारीख दिनांक 09.09.2010 अपराह्न 3:00 बजे है। प्राप्त निविदाएं दिनांक 09.09.2010 अपराह्न 3:30 बजे खोली जाएंगी।

अधिक जानकारी के लिए सीएसआईआर की वेबसाइट **www.csir.res.in** देखें।

**अवर सचिव (के० का०)**

Size 8x4

**वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद**
अनुसंधान भवन, 2, रफी मार्ग, नई दिल्ली- 110001

## मसौदा निविदा आमंत्रण सूचना (DRAFT NOTICE INVITING TENDER)

वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद मुख्यालय, नई दिल्ली अपने अनुवादादि कार्यों को आउटसोर्स करना चाहता है जिसके लिए सक्षम एजेंसियों/व्यक्तियों से मुहरबंद निविदाएं आमन्त्रित की जाती हैं ताकि अनुवादादि कार्यों के लिए पैनल बनाया जा सके।

**कार्य की अपेक्षाएं :** वैज्ञानिक/तकनीकी/विधिक/प्रशासनिक प्रकृति की सामग्री का अंग्रेजी से हिंदी में एवं निर्बाध, गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध अनुवाद, अनुवाद कार्य का पुनरीक्षण, कम्प्यूटर टाइपिंग, एडिटिंग, कम्पेरिजन, प्रूफ रीडिंग तथा कार्यालय की अपेक्षानुसार अनूदित सामग्री की सॉफ्ट तथा हार्डकॉपी उपलब्ध कराना।

इच्छुक निविदादाताओं को निम्नवत अर्हताओं को पूरा करना होगा :

1. अनुवादक की शैक्षणिक योग्यता कम से कम एम.ए.(हिंदी)/एम.ए.(अंग्रेजी) तथा हिंदी तथा अंग्रेजी दोनों भाषाओं का समुचित ज्ञान।
2. अनुवादक के पास भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/स्वायत्त निकायों द्वारा किए जाने वाले विभिन्न प्रकार के वैज्ञानिक/तकनीकी/विधिक/प्रशासनिक कार्यों से संबंधित सामग्री का अनुवाद कार्य करने का कम से कम 10 वर्ष का अनुभव। वैज्ञानिक तथा तकनीकी प्रकृति की सामग्री के अनुवादादि कार्य की दक्षता रखने वालों को वरीयता दी जायेगी। इच्छुक निविदादाता इस आशय का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें जिसमें उक्त मद सं. 1 और 2 पर दी गई शर्तें पूरी होती हों।
3. यह कार्यालय अनुवाद कार्य करने वाली एजेंसियों/व्यक्तियों को केवल अनुवाद की जाने वाली सामग्री उपलब्ध कराएगा। अनुवाद करने वाली एजेंसियां/व्यक्ति अनूदित सामग्री की कार्यालय की अपेक्षानुसार सॉफ्ट तथा हार्डकॉपी उपलब्ध कराएंगे।
4. अल्पावधि में अनुवादि कार्य की पूर्णता के लिए अपेक्षित सभी प्रकार के समुचित संसाधन/उपकरण/उपस्कर आदि अनुवाद एजेंसियों/व्यक्तियों के अपने होंगे। यह कार्यालय अपना कोई संसाधन/उपकरण/उपस्कर आदि उपलब्ध नहीं कराएगा।
5. आउटसोर्सिंग एजेंसी/व्यक्ति अनुवाद की जाने वाली सामग्री स्वयं परिषद मुख्यालय से एकत्र करेंगे एवं स्वयं परिषद मुख्यालय में ही डिलिवर करेंगे।
6. आउटसोर्सिंग एजेंसी/व्यक्ति उन्हें सौंपे गए अनुवाद कार्य को निर्धारित समयावधि के भीतर पूरा करेंगे।
7. स्टेशनरी आदि की लागत अनुमोदित दरों में शामिल होगी।
8. संबंधित अधिकारी द्वारा उनके द्वारा किए गए कार्य को संतोषजनक ढंग से पूरा किए जाने का प्रमाणपत्र दिए जाने के बाद ही उन्हें कार्य का भुगतान किया जाएगा।

कार्य को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा न कर पाने अथवा कार्य की गुणवत्ता में किसी प्रकार की चूक होने पर परिषद द्वारा निर्धारित वित्तीय पेनल्टी भी लगाई जा सकती है।

परिषद किसी भी समय अनुवाद पैनल में रखी गई एजेंसियों/व्यक्तियों के साथ किए गए करार को समाप्त कर सकती है।